हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 पारंपरिक व्यवसाय में नई तकनीक का उपयोग करें

16 शहर में प्याऊ सेंटर की मांग और बढ़ी


## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक धोखाधड़ी मामले में कोर्ट से हुई बरी

**नगरी।** पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पर ठगी का आरोप लगाते हुए पूर्णिमा ठाकुर ने धारा 420 भादंस अंतर्गत दुर्ग के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। यह प्रकरण लगभग चार वर्षों तक न्यायालय में चलने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव को भादंस की धारा 420 से बरी करते हुए इस प्रकरण को खारिज कर दिया। पूर्णिमा ठाकुर ने डॉ. लक्ष्मी ध्रुव को फंसाने व उनकी सामाजिक और राजनीति प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए झूठा परिवाद प्रस्तुत किया था। माननीय न्यायालय ने यह साबित कर दिया कि आज भी न्याय जिंदा है।

### तेज हवाओं के साथ गरजेगा बादल

■ ओलावृष्टि की संभावना

**धमतरी।** शनिवार से मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से आसमान पर बादल मंडराते रहे। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हुई। हालांकि उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन रहे। आगामी तीन दिनों में 2 से 4 डिग्री तापमान और गिर सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में मौजूद हैं। इसकी धुरी समुद्रतल से 5.8 किमी उपर है। एक द्रोणिका तेलंगाना से मन्नार की खाड़ी तक रायल सीमा तमिलनाडु होते हुए समुद्रतल से 0.9 किमी की उंचाई पर है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों में 40 से 60 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने, मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि तथा हल्की बारिश की संभावना है। बताया गया है कि आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। 29 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। अधिकतम तापमान 38 तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास आ सकता है।

गड़बड़ी और धांधली की आशंका बढ़ी, अवैध प्लाटिंग का खतरा भी

# अब आटोमेटिक होगा नामांतरण, तहसील कार्यालय के चक्कर का झंझट खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोगों को अब जमीन का बंटवारा, नामांतरण के लिए तहसीलदार और पटवारी के दफ्तरों के चक्कर से मुक्ति मिलेगी। राज्य सरकार गजट नोटिफिकेशन जारी कर आटोमेटिक नामांतरण की सुविधा शुरू कर रह रही है। 3 मई से यह सुविधा शुरू करने की तैयारी है। इस सुविधा के साथ अब गड़बड़ी और अवैध कब्जे के मामले बढ़ने की आशंका भी है।

राज्य सरकार ने जमीन की खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया को आसान करते हुए रजिस्ट्री के साथ ही आटोमेटिक नामांतरण के लिए आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश से जमीन खरीदी बिक्री करने वालों को सुविधा मिलेगी। पहले जमीन की रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए तहसीलदार के पास आवेदन करना पड़ता था। पटवारियों द्वारा मौका जांच और पेशी के बाद नामांतरण होता था। इस प्रक्रिया में काफी विलंब होता था। भू-स्वामी को काफी खर्च भी करना पड़ता था। नए आदेश के बाद भू-स्वामियों को इस झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। इस आदेश के तहत जिस जमीन की रजिस्ट्री होगी, उसका नामांतरण तत्काल हो जाएगा। जानकारी के अनुसार जिले में 3 मई से यह सुविधा शुरू करने की तैयारी है। अभी नामांतरण का अधिकार तहसीलदार को है। नए आदेश के तहत अब नामांतरण अधिकार पंजीयक और उपपंजीयक को होगा। उनके द्वारा रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया की जाएगी।



### कई समस्याओं का खतरा

इस प्रकार की समस्याओं का खतरा यदि सरकारी जमीन की रजिस्ट्री कर दी जाती है तो उसका भी नामांतरण हो जाएगा। पट्टे की जमीन अहस्तांतरणीय होती है। इस जमीन को भी आसानी से बेचा जा सकेगा, क्योंकि मौका पर कोई जांच नहीं होगी। आदिवासियों की जमीन, कोटवारी भूमि की भी फर्जी तरीके से खरीदी-बिक्री का रास्ता खुलेगा। अवैध प्लाटिंग की समस्या कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि यदि लोग शिकायत भी करते हैं तो तहसीलदार इन मामलों को रोक नहीं पाएंगे।

### बिना जांच और रोक के नामांतरण होंगे

आटोमेटिक नामांतरण से जहां लोगों को सुविधा मिलेगी, वहीं गड़बड़ी की आशंका भी बनी हुई है। भूमाफिया आसानी से जमीन की खरीदी-बिक्री का खेल कर पाएंगे। यहां तक कि सरकारी जमीन भी सुरक्षित नहीं रह पाएगी। पहले रजिस्ट्री के बाद तहसीलदार और पटवारी जांच करते थे। गड़बड़ी होने पर नामांतरण में रोक लगा देते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया ही समाप्त कर दी जाएगी। बिना जांच और रोक के नामांतरण होंगे। भू माफिया कागजों में गड़बड़ी कर आसानी से जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण करा पाएंगे। उल्लेखनीय है कि जिले में पहले भी सरकारी जमीन की खरीदी-बिक्री के मामले आ चुके हैं। अधिकांश मामलों में जांच के बाद नामांतरण रोक दिया गया। अब जांच ही नहीं होगी तो नामांतरण रूकने का सवाल ही नहीं उठता है। यही नहीं यदि नामांतरण में त्रुटि होती है तो उसे कैसे

# शहर के बस स्टैंड में बना हाईटेक पब्लिक टायलेट



■ टायलेट परिसर में 24 घंटे दो कर्मचारियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर के बस स्टैंड में हाईटेक मॉडल पब्लिक टायलेट का निर्माण किया गया है। इसका संचालन प्रारंभ हो गया है। यह सुविधा सभी वर्ग के लिए है। यात्रियों को स्वच्छ और आधुनिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से पुरूषों और महिलाओं के लिए अलग अलग सेक्शन, 5-5 टायलेट, वाशरुम, मूत्रालय, पानी, हैंडवास की व्यवस्था की गई है। टायलेट परिसर में दो कर्मचारी 24 घंटे तैनात हैं जिसकी देखरेख में टायलेट पूरी तरह हाइजेनिक रहेगा। इस हाईटेक टायलेट में आधुनिक सुविधाएं जैसे आटोमेटिक फ्लश सिस्टम, सेंसर बेस्ट, वॉशबेसिन, हैंडवास, पानी, लाइट आदि की सुविधा है।

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि इस टायलेट का निर्माण 25 लाख 44 हजार की लागत से किया गया है जहां फ्रेश होने के लिए सभी सुविधाएं हैं। महिला एवं पुरूषों के लिए 5-5 टायलेट, वाश बेसिन, मूत्रालय की व्यवस्था है। दिव्यांगों के लिए एक आरक्षित सीट है।

विदित हो कि बस स्टैंड से प्रतिदिन लगभग 100 यात्री बसें गुजरती हैं। हजारों यात्री बसस्टैंड में ठहरते हैं। उनके फ्रेश होने के उद्देश्य से हाईटेक टायलेट का निर्माण किया गया है जो बड़े शहरों में देखने को मिलता है। अब धमतरी बस स्टैंड में भी उपलब्ध है। टायलेट के केयर टेकर अमोद कुमार झा ने बताया कि शौचालय सुबह 4.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहता है। फिलहाल 300 से 400 यात्री प्रति दिन इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। शौचालय की हर घंटे सफाई की जाती है। एंटी बैक्टीरियल केमिकल से धुलाई की जाती है। कोशिश रहती है कि टायलेट पूरी तरह हाईजेनिक रहे। श्री झा ने बताया कि शहर में 25 शौचालय की देखरेख सुलभ इंटरनेशनल द्वारा की जाती है जहां पूरी तरह साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा जाता है।

# राशन दुकानों में थम्ब लगाने के बाद मिलेगा चावल

■ जिले की 486 राशन दुकानों में नई व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सरकारी राशन दुकानों में अब राशन देने के लिए शासन ने नई व्यवस्था लागू की है। थम्ब लगाने के बाद मशीन से पर्ची निकलती है जिसमें सभी सामग्रियों की डिटेल जानकारी रहती है। राशन दुकानों में पिछले कई दिनों से थम्ब मशीन में सर्वर डाउन और चार्जिंग की दिक्कत होती रहती थी। लगातार शिकायत के बाद



शासन ने राशन दुकानों में नई छोटी मशीन प्रदान की है जिसमें राशन कार्डधारी को चावल, शक्कर या अन्य सामग्री खरीदने पर एक पर्ची डिटेल में निकलती है। इसमें सामान का रेट और मात्रा उल्लेख रहता है। राशन कार्ड किस हितग्राही के नाम पर है, यह जानकारी भी पर्ची में उल्लेख रहती है। राशन खरीदी के दौरान एक ओटीपी भी आता है। ज्ञात हो कि धमतरी जिले में 486 राशन दुकान है। जहां यह नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। मशीन चेंज होने से राशन दुकानदार और ग्राहकों की परेशानी दूर हो गई है। तीन साल बाद थम्ब लगाने की मशीन को खाद्य विभाग ने चेंज कराया है। ज्ञात हो कि यह व्यवस्था माह के प्रारंभ से कराई गई है। राशन दुकानों में एक रूपये किलो में बिकने वाले बीपीएल और 10 रूपये किलो में बिकने वाले एपीएल चावल की बिक्री हो रही है।

# तनाव भगाने जेल में बंदियों ने किया प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जेल में बंदियों को तनाव मुक्त और स्वस्थ रखने के लिए तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में पहले दिन शनिवार को प्राणायाम कराया गया। साथ ही प्राणायाम के फायदे भी बताए गए।

महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं की पहल पर हर माह जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। रीता यादव अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में हर माह योग शिविर का



आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को भी आयुष पाली क्लिनिक की डॉक्टर रेवती नेताम योग चिकित्सक द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 28 अप्रैल तक चलेगा। शिविर के पहले दिन मानसिक स्वास्थ्य के लिए बंदियों को प्राणायाम कराया गया। डॉ रेवती नेताम ने प्राणायाम का लाभ बताते हुए कहा कि प्राणायाम मानसिक तनाव एवं अवसाद से मुक्त रहने का बेहतर उपाय है। शिविर में सहायक जेल अधीक्षक नरेंद्र कुमार डहरिया, मुख्य प्रहरी दिनेश गजेंद्र सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर के 24 वर्षीय एक युवक ने महिला से दुष्कर्म किया। भखारा पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर युवक को धारा 64, 351 (2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रविकांत तिवारी ने बताया कि प्रार्थिया भखारा थाना क्षेत्र की एक गांव की है। उसने अपने पति के साथ भखारा थाना पहुंचकर लिखित रिपोर्ट लिखवाई है। ग्राम रामपुर निवासी चंदन साहू पिता अरूण साहू उम्र 24 वर्ष ने प्रार्थिया के घर पहुंचकर उससे दुष्कर्म किया। किसी के बताने पर जान से मारने की धमकी दी।भखारा पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले युवक को हिरासत में लिया है। ग्रामीण कयास लगा रहे है कि यह मामला प्रेम प्रसंग का है। प्रार्थिया तो रिपोर्ट करना ही नहीं चाह रही थी। घटना दिनांक को प्रार्थिया के पति ने आरोपी युवक को अपने घर में पत्नी के साथ रंगेहाथ पकड़ा था। बाहर से दरवाजा बंद कर पुलिस और गांववालों को बुलाया फिर रिपोर्ट लिखवाई।



# शराबी वाहन चालकों की आई शामत, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

शराब सेवन कर वाहन चला रहे चालकों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई कर गाड़ियां जब्त कर प्रकरण न्यायालय में भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने ट्रैफिक रूल्स का पालन कराने लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को वाहन चालकों को ट्रैफिक रूल्स का





पालन कराने के लिये वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 7 वाहन चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते पाये गये। इन वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा शराबी वाहन चालकों से 50 हजार रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसी तरह शहर में यातायात व्यवस्था संचालित किये जाने भीड़-भाड़ वाले स्थान घड़ी चौक, विंध्यवासिनी मंदिर, बालक चौक से आमापारा चौक, इतवारी बाजार से आमातालाब मोड़, अम्बेडकर चौक से कर्मा चौक, रत्नाबांधा चौक से रेस्ट हाऊस व सिहावा चौक से बस स्टैण्ड तथा शांति कालोनी चौक तक प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों में पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात को व्यवस्थित किया जा रहा है।

यातायात पुलिस ने आमजनों से शहर में यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने, अतिक्रमण कर व्यापार नहीं करने व चालकों को शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

# साठ फीट ऊंची पानी टंकी में खेल रहे बच्चे



■ अनहोनी की आशंका, नगर निगम से सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुभाष नगर वार्ड स्थित कांटा तालाब में बनी 60 फीट से ऊंची पानी टंकी में कभी भी भयावह घटना घट सकती है। यहां बच्चे पानी टंकी के ऊपर चढ़कर खेलने-कूदने लगे हैं। सुभाष नगर वार्ड निवासी यशवंत देवांगन, सोमन देवांगन ने बताया कि कांटा तालाब के पास शहर में पानी सप्लाई के लिए विशाल पानी टंकी का निर्माण किया गया है। 6 माह पहले से पानी टंकी बनकर तैयार है लेकिन इसका उपयोग अब तक शुरू नहीं हुआ है। बच्चे इस पानी टंकी के ऊपर चढ़ने-उतरने लगे हैं जिससे कभी भी भयावह घटना हो सकती है। उन्होंने निगम प्रशासन से पानी टंकी की देखरेख एवं सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग की है।

महापौर रामू रोहरा व कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया स्थल निरीक्षण

# सिविल लाइन में बनेगा सीएमसी व आंखों का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर में शिशु-मातृत्व क्लिनिक-सीएमसी व आंखों का अस्पताल बनाया जाना है, इसके लिये जिला अस्पताल के बाजू सिविल लाइन का चयन किया गया है। महापौर व कलेक्टर ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया।

राज्य शासन से धमतरी के लिये 100 बिस्तर का शिशु-मातृत्व क्लिनिक, 40 बिस्तर का आई हास्पिटल और 200 बिस्तर के नवीन जिला अस्पताल की स्वीकृति मिल चुकी है। तीनों अस्पतालों के लिये स्थान की तलाश की जा रही है। सीएमसी व आई हास्पिटल के लिये कम जगह लगने के कारण जिला अस्पताल के



बाजू सिविल लाइन को उपयुक्त माना जा रहा है। इसी सिलसिले में शनिवार को महापौर रामू रोहरा व कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राजस्व टीम के साथ सिविललाइन पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। राजस्व रिकार्ड में जमीन का क्षेत्रफल देखा गया। यहां प्रथम चरण में एक-एकड़ को लिया जायेगा। दूसरे चरण में फिर एक एकड़ जमीन ली जायेगी। यह जमीन शिवनंदा अस्पताल से पुराने छात्रावास भवन व प्राइमरी स्कूल तक की होगी। उक्त स्थान में स्थित जर्जर मकानों को डिस्मेंटल किया जायेगा। इन मकान के निवासरत लोगों को अन्य जगह शिफ्ट किया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, आयुक्त प्रिया गोयल, एसडीएम पीयूष तिवारी, उपायुक्त पीसी सार्वा, सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन, तहसीलदार सूरज बंछोर, असपताल सलाहकार गिरीश कश्यप सहित स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीएमसी में मिलेंगी ये सुविधाएं

शिशु-मातृ क्लिनिक में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की सुविधा, प्रसव सहायता, शिशु देखभाल, प्रसवोत्तर देखभाल सहित अस्पताल में गर्भावस्था और शिशु देखभाल से संबंधित विशेषज्ञ डाक्टरों में प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध्ध रहेंगे।

### सुविधाओं से लैस होगा आई हॉस्पिटल

आंखों का 40 बिस्तर वाला अस्पताल होगा। यह अस्पताल 6714 वर्गफीट जमीन पर बनेगी। इसमें पूरा सेटअप, वार्ड आपरेशन थियेटर सहित सभी सुविधाओं का समावेश होगा। वर्तमान में जिला अस्पताल में 10 बिस्तर के नेत्र हॉस्पिटल में आंखों की सर्जरी सहित उपचार किया जा रहा है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

बढ़ते अपराध और सुरक्षा को लेकर आजाद हिंदू युवा मंच ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# नगर में बाहर से आकर ठहरने वालों की पहचान होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



देश में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों और नगर में हो रही आपराधिक घटनाओं को देखते हुए आजाद हिन्दू युवा मंच कुरूद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को थाना प्रभारी कुरूद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर में बाहर से आकर ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की मुसाफिरी दर्ज करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में आजाद हिन्दू युवा मंच ने कहा कि वर्तमान समय में देश में आतंकवादी गतिविधियों और अपराधों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में कई असामाजिक तत्व नगर में बाहरी व्यक्ति बनकर छिप सकते हैं, जो नगर की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। मंच ने यह भी कहा कि नगर में बाहर से आकर ठहरने वाले लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए मुसाफिरी पंजीकरण आवश्यक है ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान और नियंत्रण संभव हो सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में अनुराग चंद्राकर, लक्ष्मीकांत साहू, कमलेश चन्द्राकर, भूपेन्द्र सिन्हा, अनुशासन आमदे, वंश खत्री, अक्षत शर्मा, जग्गू नेताम शामिल रहे। सभी ने एक सुर में नगर की सुरक्षा के लिए सख्त मुसाफिरी जांच और पंजीकरण व्यवस्था लागू करने की मांग की है। इस पहल को नगरवासियों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक जागरूक नागरिक प्रयास के रूप में सराहा जा रहा है।

# नपं उपाध्यक्ष देवव्रत को मिला समाज गौरव सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद तहसील साहू समाज द्वारा आयोजित दानवीर भामाशाह जयंती कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू को मुख्य अतिथि अरुण साव गृह नगरीय प्रशासन मंत्री, विशिष्ट अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, चंदूलाल साहू अध्यक्ष छग राज्य भंडार निगम द्वारा साहू समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मान पाकर देवव्रत ने कहा है कि वे जल्द ही युवा साहू समाज द्वारा रक्तदान महादान में सहभागिता देंगे और सर्व समाज के जरूरत मंदों के लिए युवा वर्ग रक्त दाताओं की फ़ौज तैयार करेंगे ताकि जरूरत मंदों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सकें। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम श्री साव से रायपुर संभाग के सबसे बड़े सर्व सुविधा युक्त कुरूद नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिलाने के लिए मांग पत्र सौंपने की भी बात कही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू, मंजु प्रमोद साहू, पार्षद उत्तम साहू, पूर्व वरिष्ठ पार्षद रामेश्वर साहू उपस्थित थे।

# अग्निवीर में चयनित कुलदीप का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 14 के कुलदीप साहू का अग्निवीर में चयन हुआ है। उन्होंने अपने परिवार, समाज, नगर और ट्रेनिंग एकेडमी का नाम रोशन किया है। अटल बिहारी स्टेडियम में फ्रीडम एकेडमी ने कुलदीप का सम्मान किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर से युवक का चयन होना गर्व की बात है। विधायक अजय चंद्राकर ने भी कुलदीप को शुभकामनाएं दी हैं। अध्यक्ष ज्योति जैन,पार्षद भूपेश्वरी चंदेल, अविनाश सिंह गौर, रामकृष्ण नेताम सहित संचालक समीर गौर ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप



### मूकबधिर दिव्यांग दंपति को प्रोत्साहन योजना का प्रोफॉर्मा सौंपा

**धमतरी।** जन्म से ही मूकबधिर टिकेश्वर साहू पिता बिशेषर उम्र 27 वर्ष ग्राम सेन्हाभाठा की दिव्यांगता 90 प्रतिशत है। कोरोना काल में उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसका विवाह 90 प्रतिशत दिव्यांग काजल साहू पिता रामगुलाल साहू ग्राम मोहंदी चंडी 23 वर्ष के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू को सगाई कार्यक्रम से हो गई थी। श्री साहू ने उसके निवास में जाकर दोनों मूकबधिर दिव्यांग दंपति को विवाह प्रोत्साहन योजना का प्रोफॉर्मा सौंपकर आवश्यक जानकारी दी तथा समय सीमा में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग में जमा करने के लिए कहा। ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक दिव्यांग को विवाह पश्चात आवश्यक जानकारी जमा करने के बाद पचास हजार का चेक प्रदान किया जाता है।

# व्यापारियों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया

- हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में महाव्यापारी संघ मगरलोड ने बीते शुक्रवार को आतंकवादी का पुतला बनाकर बाजार चौक से घसीटते व जूते चप्पल से मारते हुए नारेबाजी कर पूरे नगर का भ्रमण किया जय स्तंभ चौक पर पुतला का दहन किया गया। कार्यक्रम में हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट मौन रखकर उन्हें नमन किया गया। व्यापारियों ने इस आयोजन के जरिए आतंक के खिलाफ आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। देशवासियों से एकजुट होकर आतंक के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने की अपील की गई। इस अवसर पर महाव्यापारी संघ अध्यक्ष विश्वजीत साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, सचिव सुकदेव साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, मीडिया प्रभारी ज्ञानदेव साहू, सलाहकार राजू चंद्राकर, देवराज देवांगन, यादराम गायकवाड़, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, भीम यादव, कोमल साहू, मैनसिंह हिरवानी, घनश्याम बिंझेकर, लोकेश कंसारी, ओंकार साहू, राजकुमार साहू, राजू राव, अजय साहू, मोतीराम सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

# छग पशुचारा परिवहन संघ की 28 से हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



छत्तीसगढ़ पशुचारा परिवहन संघ द्वारा 28 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जायेगी। उनकी प्रमुख मांग आरटीओ परिवहन विभाग द्वारा चालान कार्यवाही मुफ्त किया जाना, पुलिस विभाग द्वारा चालान मुफ्त किया जाना, पशुचारा पैराकुट्टी वाहन को टोलनाका से मुफ्त किया जाना शामिल हैं। इस सभी मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ पशुचारा परिवहन संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जायेगी। परिवहन विभाग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से उनकी मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की है ताकि गौठान एवं डेयरियों में पशुचारा पैराकुट्टी की सप्लाई करने में दिक्कत न हो।

सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन छत्तीसगढ़ में 700 गाड़ी पशुचारा पहुंचाने का काम करते हैं। इससे ड्राइवर, मजदूर और मालिक मिलकर कुल 12000 परिवारों का जीवनयापन होता है।

# वक्फ को लेकर विपक्षी दल भ्रम फैला रहा : नेताम

- रायपुर में वक्फ संशोधन अधिनियम पर हुई कार्यशाला
- 2 मई को दुगली में अजजा वर्ग के लिए वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



एकात्म परिसर रायपुर में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में वक्फ संशोधन अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने वक्फ संशोधन अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने भी संबोधित किया। धमतरी अजजा मोर्चा से जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, महामंत्री रामखिलावन कंवर, अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, ईश्वरी नेताम, हीरामन ध्रुव शामिल हुए। महेन्द्र नेताम ने बताया कि यदि किसी ने धोखा देकर आदिवासी की जमीन अपने नाम कर वक्फ को दी हो, तो अब वक्फ संशोधन अधिनियम के तहत 90 दिन के भीतर कानूनी कार्रवाई कर जमीन वापस पा सकते हैं। वक्फ को लेकर विपक्षी दल लगातार भ्रम फैला रहा है। इस हेतु भाजपा अजजा मोर्चा जिला धमतरी द्वारा 2 मई को दुगली में जनजाति समाज को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, पूर्व विधायक द्वय श्रीमती पिंकी शाह, श्रवण मरकाम समेत अजजा मोर्चा व भाजपा संगठन के प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी, सदस्य व क्षेत्र के आदिवासी समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# सहकारी कर्मियों की मांगों पर गठित अंतर विभागीय कमेटी का अता-पता नहीं

- लंबित तीन सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी



छत्तीसगढ़ सहकारी समिति समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर नवंबर 2024 में प्रांतीय स्तर पर आंदोलन की अनुमति नहीं होने पर संभाग स्तरीय आंदोलन लंबित 3 सूत्री मांगों को लेकर लगभग 10 दिनों तक चला था। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री एवं विभाग के प्रमुख अफसरों के साथ और संघ के प्रतिनिधि मंडल कोर कमेटी की बैठक होने के बावजूद सकारात्मक पहल नहीं होने से जिले सहित प्रदेश के लगभग 15,000 कर्मचारी 2058 समितियों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन आंदोलन में डटे रहे। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर लंबित तीन सूत्रीय मांग मध्यप्रदेश सरकार की भांति तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय व्यय अनुदान राशि प्रतिवर्ष देने, धान खरीदी में सूखत देने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के रिक्त पदों पर समिति के कर्मचारियों से सेवा नियम 2018 के अनुसार 50 प्रतिशत विभागीय भर्ती को लेकर पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर द्वारा अंतर विभागीय कमेटी गठित कर मांगों की पूर्ति हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने सहकारिता सचिव को पत्र जारी किया गया था। अंतर विभागीय कमेटी के निर्णय के संबंध में महासंघ के पदाधिकारी अब तक 5 से 6 बार मंत्रालय से लेकर मंत्री, अधिकारी तक चक्कर लगा रहे हैं, परंतु अंतर विभागीय कमेटी का कोई अता-पता नहीं है। इससे जिले सहित प्रदेश के 15,000 कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री, विभागीय अधिकारियों से अंतर विभागीय कमेटी की रिपोर्ट शीघ्र निर्णय पारित करने और लंबित तीन सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

# रीना, देवबती चुनी गईं स्मार्ट माता

- प्राथमिक शाला टेंगना में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना में पढ़ाई तिहार के अंतर्गत अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बच्चों के शैक्षणिक एवं शारीरिक विकास के लिए माताओं को स्कूल से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे बालवाड़ी के बच्चे जो पहली में प्रवेश से पहले उनके सीखने सिखाने में मदद मिल सके, साथ ही उनकी क्षमता में वृद्धि हो। बालवाड़ी प्रभारी शिक्षक संतोष कुमार बांधव बताया कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में माताएं अपने योगदान से बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मेहनत से बच्चे को शिक्षित और सुनहरा भविष्य प्रदान कर रही हैं। पढ़ाई तिहार के दौरान प्रधानपाठक ममता प्रजापति और माताओं ने आठ काउंटर निर्माण कर सीखने सिखाने के तहत अंक पहचान , वर्गीकरण, अंतर करना, रंग भरना, रंग पहचान संतुलन बनाना, खेल गतिविधि , लेखन व पठन कौशल, एफएलएन कार्ड से गतिविधियां की। स्मार्ट माता के रूप में रीना जलधर, देवबती साहू को चुना गया। प्रधानपाठक ने सभी माताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पेन भेंट किया।

मौके पर खिलेश्वरी कश्यप, पार्वती मंडावी, लीलेश्वरी निर्मला कश्यप, अनूपा कश्यप , ललेश्वरी, प्रियंका उईके, देवकी बाई, साधना निषाद, पदमा ध्रुव, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अनुश्री, शिक्षक ममता प्रजापति, संतोष कुमार बांधव उपस्थित थे।

# सिहावा स्कूल में इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षक गोविन्द नारायण साहू और हेल्थ केयर शिक्षक हेमन्त साहू के मार्गदर्शन में इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पढ़ रहे 11वीं, 12वीं एवं आईटी के छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालकों को आमंत्रित किया गया। इंटर्नशिप प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों एवं उनके पालकों को व्यावसायिक शिक्षा का महत्व बताया गया। इंटर्नशिप सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों एवं पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य एसआर साहू, विशिष्ट अतिथि हलधर शार्दुल व स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# डांडेसरा स्कूल में पढ़ाई तिहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में पढ़ाई तिहार कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम नवप्रवेशी बच्चों के लिए रखा गया था। जो बच्चे आंगनबाड़ी में हैं, उनके साथ यह गतिविधियां कराई जाती हैं। माताओं को ग्रीष्मकालीन अवकाश में अपने-अपने बच्चों को खेल-खेल में अपने परिवेश से जोड़ते हुए सीखने-सिखाने के लिए प्रेरित करना, पालकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर उनके द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई से जोड़े रखने, बच्चों को घर पर सीखने में मदद करना, पालकों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान व आगामी सत्र में विद्यार्थियों के नवयोदय, एकलव्य, राष्ट्रीय साधन सहप्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा की तैयारी पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा पहली से चौथी के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रमाण-पत्र दिया गया। शाला परिवार द्वारा स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को न्योता भोज दिया गया।

इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, ग्राम पटेल अंगद राम साहू, पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, प्रधान पाठक उर्वशी चंद्राकर, शिक्षिका शहनाज बानो, कल्पना रामटेके, अनीता साहू, वीणा गजेंद्र समेत मोनिका साहू, वार्ड पंच कमलेश्वरी साहू, अमरीका सेन, बिन्दा दीवान, दशोबाई साहू, हेमलता जोशी, अनीता, वोमिका कंवर, भारती दीवान, गायत्री, देवंतीन, अमरीका सेन, हेमलता जोशी, भारती दीवान, भूमिका गायकवाड़, लावण्या, दिव्या उपस्थित थे।

# बस स्टैंड बिरगुड़ी में प्याऊ सेंटर खुला



**नगरी।** ग्राम पंचायत बिरगुड़ी द्वारा बस स्टैंड में प्याऊ सेंटर खोला गया। इसका उद्घाटन सरपंच अमृत नाग ने किया। प्याऊ सेंटर में आने वाले यात्री अपनी प्यास बुझा रहे हैं। मौके पर ग्राम सभा अध्यक्ष रामकुमार सरोज, पंचगण सतीश भास्कर, चमरु मंडावी, विजैय घुड़ैसी, डोमार साहू, हेमनाथ बोरझरिया, हिंदू जागरण मंच खंड नगरी संयोजक करण सेन, सहसंयोजक शिवांश साहू, मोहित जैन, श्रवण बघेल, जेके साहू, सुरेश कश्यप, लैलेश साहू, बबला यादव, दीपक कौशल, शैलेश सोम, बसंत कश्यप मौजूद रहे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## तहसील स्तरीय सेन जयंती कर्णेश्वरधाम परिसर में मनाई गई

# पारंपरिक व्यवसाय में नई तकनीक का उपयोग करें : अंबिका





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सेन समाज के अराध्य संत शिरोमणि सेन महराज की 725वीं जयंती शुक्रवार को कर्णेश्वर धाम देऊरपारा सिहावा के प्रांगण में सर्व सेन समाज तहसील नगरी और बेलरगांव के समाजजनों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा थीं। अध्यक्षता प्रकाश सेन अध्यक्ष सेन समाज ने की। विशेष अतिथि प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा, विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट, नागेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, मनोहर मानिकपुरी अध्यक्ष भाजपा मंडल बेलरगांव, कमल डागा वरिष्ठ भाजपा नेता, रामप्रसाद मरकाम उपाध्यक्ष कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट, मोहन नाहटा पूर्व मंडल अध्यक्ष, रामभरोसा साहू, प्रताप सुरेशा, उदयलाल सेन, हेमलाल सेन, भरतलाल सेन, खेमलाल कौशिक थे।

मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम ने कहा कि सेन समाज कर्मशील समाज है। आज नई तकनीकों का प्रयोग करते हुए समाज की उन्नति में सहायक बने। सेन महाराज द्वारा दिए गए उपदेशों का पालन कर भक्ति व सेवा भाव के साथ अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें। कार्यक्रम के दरम्यान कलेक्टर अविनाश मिश्रा का आगमन कर्णेश्वर मंदिर में हुआ। वे विभिन्न कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे थे। इस अवसर पर तहसील सर्व सेन समाज के महिला और युवा प्रभाग का गठन किया गया। महिला प्रभाग से संरक्षक कमला सेन डोंगरडुला, हेमपुष्पा श्रीवास नगरी, रेवती सेन नवागांव, रेखा सेन राजपुर, अध्यक्ष रमा कौशिक सेमरा, उपाध्यक्ष सीता श्रीवास नगरी, जगीता सेन गट्टासिल्ली, हेमा सेन सांकरा, कोषाध्यक्ष सरिता सेन नगरी, सचिव ताप्ति सेन राजपुर, सहसचिव लक्ष्मी सेन नवागांव बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में तुलसी सेन, इन्दु सेन, त्रिवेणी सेन, जमुना सेन, कालिंदी सेन, तुलसी सेन शामिल हैं। युवा प्रभाग अध्यक्ष जीतू सेन नगरी, उपाध्यक्षगण ओमप्रकाश सेन गट्टासिल्ली, कृष्णा सेन बेलरगांव, टिकेश्वर सेन सांकरा, कमल सेन सेमरा, सचिव योगेश सेन देवपुर, सहसचिव भूपेश सेन सहित कार्यकारिणी सदस्यों में यशपाल सेन, पुस्कर सेन, धर्मेंद्र सेन, प्रकाश सेन, जयकिरण सेन का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में तहसील सर्व सेन समाज नगरी के उपाध्यक्षगण भगवान सेन, रूपसिंह सेन, पीयूष कौशिक, संतराम सेन, यक्कू सेन, कोषाध्यक्ष मनीष सेन, सहसचिव भुनेश्वर सेन, सलाहकार बनवारी सेन, तकेश सेन, बल्लू सेन, मोहन सुरेशा, देवानंद सेन, कमल सेन, तिलक सेन, ललित श्रीवास, दिलीप सेन, योगेश सेन, चैतूराम सेन, ठाकुरराम सेन, निर्भय सुरेशा, हेमलाल सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## गीतेश्वर नेशनल कबड्डी में रेफरी की भूमिका निभाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी के क्रीड़ा शिक्षक गीतेश्वर सिंह साहू का चयन नेशनल कबड्डी मैच महाराष्ट्र में रेफरी के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि चौथा सीनियर फेडरेशन कप पुरुष और महिला 2 से 4 मई तक गाडगे बाबा समाधि मंदिर मैदान अमरावती महाराष्ट्र में आयोजित है। सीनियर फेडरेशन कप पुरुष और महिला में कबड्डी मैचों का संचालन करने के लिए पूरे देश भर में 21 कबड्डी निर्णायकों का चयन किया गया है। इससे पहले भी वे विभिन्न राष्ट्रीय, राज्य स्कूली एवं ग्रामीण स्तर की प्रतियोगिता में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान कर चुके हैं। उनके चयन होने पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के महासचिव प्रदीप यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी के प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े, व्याख्याता बृजेश देवांगन, सुशील साहू, भावना ठाकुर, यामिनी गायकवाड़, रुक्मणि बंछोर, जितेंद्र सुकुमार साहिर, हर्षल चंद्राकर, पुनेश्वर प्रजापति, मधु सिंह, अवधराम साहू, लोकेश्वरी ध्रुव, दुर्गा सिन्हा ने हर्ष जताया है।

### मुजगहन में परशुराम प्राकट्य महोत्सव 30 को

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी ने बताया कि भगवान की पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे एवं भोजन प्रसादी दोपहर 1 बजे होगा। ब्राम्हण समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शाम 4 बजे समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ओमप्रकाश तिवारी, राजकुमार तिवारी, हरिनारायण तिवारी, द्वारिका प्रसाद तिवारी समेत अन्य जुटे हैं।

// ईश्तहार //

क्रमांक/997/2/राजस्व/न.पं./2025-26

कुरूद, दिनांक 25/04/2025

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री नंद कुमार साहू पिता देवधर साहू निवासी ग्राम बेलोरा (मगरलोड) द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्रं. 15 कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील-कुरूद व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 222/192, रकबा 106.68 वर्गमीटर भूमि स्थित है, जिसे श्री विनोद चन्द्राकर पिता गिरधारीलाल चन्द्राकर वगैरह निवासी कुरूद से पंजीकृत बैनामा दिनांक 31/03/2014 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदक के नाम को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

## जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य जरूरी : विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

- माशा सिर्री में उच्च वर्ग शिक्षक को दी गई विदाई

शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में उच्च वर्ग शिक्षक विनय कुमार साहू की विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथ विनय कुमार साहू, विशेष अतिथि नीरा बाई साहू, पुष्पा बाई साहू, चंद्रकुमार साहू पूर्व प्रधानपाठक, शकुंतला साहू प्रधानपाठक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज कुमार साहू प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल सिर्री ने की। विनय कुमार को शॉल, श्रीफल सहित रामचरितमानस भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने स्कूली जीवन में बतौर शिक्षक कार्यभार संभालने और बच्चों को शिक्षित करने के प्रति अपना गहरा अनुभव लोगों के समक्ष साझा किया। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा ग्रहण करने के लिए किताब ही एक माध्यम होती थी लेकिन आज कंप्यूटर, मोबाइल आदि से ऑनलाइन भी शिक्षा प्राप्त कर कम समय में ही नई-नई स्किल सीखी जा सकती है। जिससे एक विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य बनाकर तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर सिर्री के प्राचार्य कलीराम ध्रुव, हीराचंद साहू, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य जनों को भी स्कूल के शिक्षकों ने शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चंद्रकुमार साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, संकुल समन्वयक रामनिहोरा साहू, सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता पूर्व सरपंच सिर्री, आरपी सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री, मोहन घिवरिया सेवानिवृत्त शिक्षक, तुलाराम साहू, गुल्फीराम साहू माशा. सलाहकार, सालिक राम साहू ग्राम पटेला, शाला विकास समिति अध्यक्ष रूक्मणि देवांगन, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, देशांत सिन्हा सरपंच, मालविका अरुण विश्वकर्मा उपसरपंच, पंचगण, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक गिरवरलाल साहू, शिक्षक पुरूषोत्तम कुमार साहू, पुष्पा कुर्रे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## लगन, कड़ी मेहनत व धैर्य से मिलती है सफलता : कुलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

- अंवरी स्कूल में 9वीं-11वीं का परीक्षाफल घोषित

शाउमावि अंवरी में 9वीं, 11वीं का परीक्षा परिणाम प्राचार्य पीएन साहू के मार्गदर्शन में परीक्षा प्रभारी केएल यादव द्वारा घोषित किया गया जिसमें अधिकांश छात्राओं ने बाजी मारी। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत रहा। ईशा प्रथम, थनेश्वरी द्वितीय, महिमा तृतीय रही। कक्षा 11वीं में विज्ञान संकाय से प्रथम, द्वितीय तृतीय क्रमशः डिगेश कुमार धीवर, उत्तम साहू, गीतांजलि, कला संकाय से मोनिका, डाली व पायल, वाणिज्य संकाय से मयंक कुमार, थानेश्वरी व धनेश्वरी और खुशबू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। कुलेश्वरी गायकवाड़ जिला पंचायत खनिज न्यास सभापति व सुनील गायकवाड़ पूर्व जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्म से ही फल की प्राप्ति होती है। छात्रों को ध्यान लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। सफलता जरूर मिलती है। कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है । सरपंच हितेंद्र नाथ मंडल ने असफल छात्रों को ज्यादा निराश नहीं होने की बात कही। शाला समिति के अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव, बाला राम ध्रुव व लेखराम साहू विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि स्कूल में शिक्षक का अभाव होने के बाद भी परिणाम बेहतर आता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत जांगड़े, पूर्व शाला समिति अध्यक्ष बालाराम ध्रुव, हुसैन जांगड़े, प्राचार्य पीएन साहू, व्याख्याता आईआर साहू, केएल यादव, लालबहादुर साहू, हिरामन कुर्रे, सहायक शिक्षक डीके साहू, व्याख्याता श्रीमती एन सिन्हा, पी. सिन्हा, केएल घोघरे, गीता जांगड़े, राम्हू ध्रुव, झनक लहरे, पी. डहरे, नरसिंग नेताम उपस्थित थे ।







## खबर संक्षेप

### तरसींवा स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** शासकीय हाइस्कूल तरसींवा में कक्षा नवमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शाला का परीक्षा परिणाम 70.14 प्रतिशत रहा। प्रथम धर्मान्शु सिन्हा पिता उत्तम सिन्हा 94.5 प्रतिशत, द्वितीय कौशिल्या पिता महेश 94 प्रतिशत एवं तृतीय पूनम सिन्हा पिता भोजराम सिन्हा 93.16 प्रतिशत रहे। संस्था के प्राचार्य लक्ष्मण यादव ने परिणाम की घोषणा की और असफल छात्रों को पुनः प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अलखराम साहू, सदस्य भुनेश्वर सिन्हा, उपसरपंच केशव साहू, भीषम यादव चिरंजीव हिरवानी, शिक्षक नीलकुमार निषाद, मंजुलता शर्मा, सरिता साहू एवं दुष्यंत ध्रुव उपस्थित थे।

### अपने चहेते भ्रष्टाचारियों के बचाव में भाजपा सरकार : विशु



**धमतरी।** देश में इन दिनों ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है जिसे नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने भ्रष्टाचारियों का संरक्षक बताया है। श्री देवांगन में आगे कहा कि मोदी सरकार एवं साय सरकार के नेतृत्व में बड़े-बड़े भ्रष्टाचार हो रहे हैं और इन भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसियों के माध्यम से डरा-धमका कर प्रताड़ित किया जा रहा है। अभी आमापारा से मकई तालाब गुणवत्ताहीन पाइपलाइन, एलम खरीदी घोटाला, नाली निर्माण में गड़बड़ी सहित बिना टेंडर निकाले 7 लाख की वाल पेंटिंग सहित अनेक भ्रष्टाचार है।

### धमतरी के सपनों का बजट है : अविनाश





**धमतरी।** नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक हुई । महापौर रामू रोहरा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 563 करोड़ 74 लाख 22 हजार का बजट सदन के मध्य रखा जिसमें शहर वासियों के कई लंबित मांग सहित कई नए सपनों की उड़ान के लिए पंख लगा है। अविनाश दुबे ने कहा कि अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड, जल भराव से निपटने के लिए एवं पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, शहर के युवाओं के लिए, फोरलेन रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, सिटी मॉल, रिक्शा हेतु चार्जिंग स्टेशन, गोल बाजार को नया काम्प्लेक्स, मेडिटेशन सेंटर, हितग्राहियों को नजूल पट्टा, सिटी बस की सुविधा, शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसी टीवी कैमरे, ऑडिटोरियम, कला के क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओपन थिएटर समेत अन्य प्रस्ताव को पास किया गया। महापौर के इस बजट ने शहर के प्रत्येक क्षेत्र व हर वर्ग को छुआ है।

### बिजली कटौती और लो वोल्टेज से जनता परेशान : गीतराम



**धमतरी।** धमतरी सहित पूरे प्रदेश में हो रही लगातार बिजली कटौती को लेकर युवा कांग्रेस के महासचिव गीतराम सिन्हा ने साय सरकार कि जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि धमतरी सहित प्रदेश के लगभग हर जिले में बिजली कटौती हो रही है। कई गांव-मोहल्लों में घंटों पावर कट हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जनता जूझ रही हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों को भी बिजली दी जाती थी। जनता को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती थी। भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली गुल होना आम बात हो गई है।

---

#### नगरी में आयोजित स्टार्टअप शिविर में मिली महत्वपूर्ण जानकारी, काउंसिलिंग भी हुई

# जिले के युवाओं को अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में युवाओं को स्टार्टअप शुरू कर रोजगार से जोड़ने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर नगरी विकासखण्ड में स्टार्टअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरी-सिहावा क्षेत्र के शिक्षित और कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने और उसे चलाने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। स्थानीय सुखराम नागे महाविद्यालय में आयोजित शिविर में कलेक्टर श्री मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में शामिल युवाओं और सफल उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने अपने महाविद्यालयीन



जीवन और उनके कई सफल साथियों के कामों का उदाहरण देते हुए नगरी-सिहावा के युवाओं को भी अपने-अपने स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने पर प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। शिविर में राज्य शासन के उद्योग एवं व्यापार विकास विभाग, डिक्सी के विशेषज्ञों और स्थानीय सफल उद्यमियों संतु नेताम, शिवचरण नेताम, संजय डागौर ने भी युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के टिप्स दिए। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे शिविर



अभी विकासखण्ड स्तर पर हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए कार्ययोजना बनाने से लेकर उसके लिए लोन, अनुदान, ब्रांडिंग, बाजार आदि में भी शासन की नीति अनुसार युवाओं को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही ऐसे युवाओं को बड़े शहरों और औद्योगिक संस्थानों में एक्सपोजर विजिट की भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि इच्छुक युवा डिक्सी और उद्योग एवं व्यापार विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में सभी तरह की जानकारी और सहायता ले सकते हैं। डिक्सी के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में उद्यम शुरू करने के लिए अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के युवाओं को एक रूपये प्रति एकड़ की रियायती दर पर भूखण्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण और छात्र स्टार्टअप तथा नवाचार नीति का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक श्री गोस्वामी ने बताया कि उद्यम स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब मुद्रा लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दिया गया है।

## 9वीं में ओम, 11वीं में मुस्कान ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी जेएल साहू ने कहा कि हमें परिणाम को स्वीकार करने का साहस रखना चाहिए।

सहायक परीक्षा प्रभारी डीएस नेताम ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। 9वीं का परीक्षा परिणाम 63.35 प्रतिशत रहा जिसमें ओम साईं चियांशा सिन्हा और भूपेंद्र कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 11वीं कला में प्रवीण कुमार प्रथम और तान्या द्वितीय रहे। कक्षा का परिणाम 64.6प्रतिशत रहा। 11वीं विज्ञान का परिणाम 92.5प्रतिशत रहा।

मुस्कान खुंटारे प्रथम, धारिणी साहू द्वितीय रही। 11वीं वाणिज्य का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सुष्मिता पटेल प्रथम और दिव्यांशी द्वितीय रही। मुख्य अतिथि अंगेश्वर साहू अध्यक्ष शा प्र एवं विकास समिति ने अच्छे परिणाम के लिए प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रयास की प्रशंसा की। प्राचार्य डीएन साहू ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती सीमा देवांगन ने भी अपने विचार रखे।

## लड़कियों ने मारी बाजी : 11वीं में देवकी और 9वीं में कुमकुम अव्वल



- करेली बड़ी हाईस्कूल में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया है। संस्था के प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने कहा कि सालभर आपने मेहनत की है। उसका नतीजा आज सबके सम्मुख हैं। सर्वांगीण विकास के लिए हमारे शिक्षक साथी सदैव तत्पर रहते हैं। परीक्षा प्रभारी पुनेश्वर प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 55 प्रतिशत एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं में प्रथम देवकी निषाद, निशा पाल द्वितीय एवं वर्षा सिन्हा तृतीय रही। कक्षा 9 वीं में कुमकुम साहू प्रथम, द्वितीय सरोज भारती, तृतीय पायल साहू रही। मंच का संचालन जितेंद्र सुकुमार ने किया। मौके पर स्कूल स्टाफ यामिनी गायकवाड़, मधु सिंह, रूक्मणि बंछोर, भावना ठाकुर, हर्षल चंद्राकर, दुर्गा सिन्हा, अवधराम साहू, लोकेश्वरी धुव्र उपस्थित थे।

## खरतुली स्कूल में पुरस्कार वितरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के वाणिज्य परिषद के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन आकाशगिरी गोस्वामी के संयोजन में हुआ।

कार्यक्रम के अतिथि व्याख्याता सतीश कुमार तुर्रे, प्रतिमा यदु, अमित महोबे, संध्या ध्रुव, संजय कुमार सिन्हा थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए भविष्य में इन गतिविधियों में सम्मिलित होकर अपने अंदर की छिपी प्रतिभा को बाहर लाने के लिए प्रेरित किया।

वाणिज्य मॉडल निर्माण में नेहा साहू, नेहा, सौम्या रानी देवांगन, देवेंद्र साहू ,महेश देवांगन, वाणिज्य सेमिनार में गीतेश साहू,




वर्षा बघेल,तोषण ध्रुव, प्रश्न मंच में श्वेता यादव, जिज्ञासा साहू, ओमप्रकाश साहू, वाद-विवाद प्रतियोगिता में अजय साहू, तुलसीरानी साहू, नीलिमा साहू, आर्थिक आंकड़ा सर्वेक्षण में भावना निषाद, लक्ष्मी सार्वा, गुलशन, भावेश तथा चित्रकला प्रतियोगिता में लीनारानी, खुशबु धुव, सुजल साहू को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ पाठय सहगामी क्रियाओं में भाग लेने से व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

## सांकरा में कांकेर सांसद का हुआ आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कांकेर सासंद भोजराज नाग का ग्राम सांकरा में आगमन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा के निवास स्थान पर श्री नाग का प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा, अरुण सार्वा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, सरपंच महेंद्र बोरझा, नागेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कमल डागा, जितेंद्र मंडावी, रवि, हरि भंडारी, रमेश कुमार, राजू गोसाई समेत अनेक भाजपाइयों ने स्वागत किया।

## 9वीं में हिना व 11वीं गणित संकाय में खुशी प्रथम

- बिरेतरा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित, प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में कक्षा नवमी एवं 11वीं की स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा मुख्य अतिथि टीकाराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति की उपस्थिति में की गई। अध्यक्षता प्राचार्य गेवाराम नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि मनीष साहू उपसरपंच, उत्तम साहू विधायक प्रतिनिधि, डॉ. विनेश्वर साहू पूर्व



उपसरपंच, बलदेव राम साहू, पदुम साहू, हेमंत ध्रुव, पोषण साहू, देव कुमार साहू, हमिता साहू, सुरुचि साहू थे। प्राचार्य गेवाराम नेताम ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षा 9वीं का परीक्षा फल 74 प्रतिशत रहा। प्रथम हिना, दूसरे स्थान पर वीणा एवं तीसरे स्थान पर खिलेश्वरी रही। ग्यारहवीं का परीक्षाफल 86 प्रतिशत रहा। 11वीं में प्रथम खुशी, दूसरे स्थान पर मनीषा एवं मुस्कान तीसरे स्थान पर वर्षा रही। गणित संकाय में खुशी प्रथम, जीव विज्ञान संकाय में मनीषा प्रथम, वाणिज्य संकाय में मुस्कान प्रथम एवं कला संकाय में होरेंद्र प्रथम रहे। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एवं अतिथियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी एवं असफल रहने वाले विद्यार्थियों को निराश नहीं होने तथा आगे और बेहतर तरीके से प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन चेतनलाल देवांगन एवं आभार प्रदर्शन खेदी साहू ने किया। मौके पर धनेश्वरी ध्रुव सरपंच, अलखराम सेन, ढिलेश्वर साहू, भीखम साहू, तेजराम निर्मलकर, नरेंद्र साहू, उषा साहू, कनक साहू, गजानंद साहू, वरिष्ठ व्याख्यातागण चोवाराम चंद्राकर, रोहित कुमार साहू, डी संगीता राव, परवेज अली, शाजिया परवीन, अश्वनी पाटकर, दुनेश्वर सिह साहू, माला साहू, सत्यवती साहू, मोनिका साहू, कार्यालय सहायक सेवाराम यादव एवं ईगन साहू मौजूद थे।

## धमतरी के पहलवानों ने ऑल इंडिया रैंकिंग में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्र स्तरीय कुश्ती अंडर 20 प्रतियोगिता राजस्थान के कोटा में 17 से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई जिसमें खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षण केंद्र इंडोर स्टेडियम धमतरी के 3 पहलवानों का चयन छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ द्वारा 23 मार्च को बीएसपी भिलाई सेक्टर 3 में आयोजित राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 55 कि.ग्रा.वजन वर्ग में पूरब यादव,79 कि.ग्रा. में रत्नाकर पांडेय, 84 किग्रा में सुरेन्द्र राजपूत का हुआ था। छत्तीसगढ़ कुश्ती







दल के कोच के रूप में विकास सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद ऑल इंडिया रैंक जारी किया गया जिसमें रत्नाकर पांडेय ने 6 वां रैंक 79 किग्रा व पूरब यादव ने 55 किग्रा वजन वर्ग में 7 वां रैंक हासिल कर जिले को गौरान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, थॉमस पाल, श्रीमती बी. मैथ्यू, जेपी देव, लीना यादव, देवभारत साहू ,कैलाश ध्रुव, कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, विजय यादव, टिक्की निर्मलकर, मेहुल टंडन, देवेंद्र यादव, राहुल गायकवाड़, उदय यादव, दुर्गेश पटेल, व्यायाम शिक्षक हेमन्त सिंह ठाकुर, खिलेन्द्र साहू, गिरीश गजपाल, हरीश भूआर्य, लोकेश साहू, सतीश साहू, कुमार साहू, इन्द्र कुमार, धर्मेश चक्रधारी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पहलगाम में मारे गए भारतीयों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गए नरसंहार में 28 निर्दोष लोगों की जान चली गई एवं 30 से ज्यादा लोग घायल हुए। इस आतंकियों की कायराना हरकतों से पूरे देश में आक्रोश है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शहीद चौक नगरी में कैंडल जलाकर मारे गए भारतीयों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आतंकी हमलों की कड़ी निंदा करते



हुए देश के प्रधानमंत्री से आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। श्रद्धांजलि सभा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूषण साहू, जिला उपाध्यक्ष भानेन्द्र ठाकुर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक बंजारे, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, पेमन स्वर्णबेर, कुलदीप साहू, नरेश पटेल, खान, इशु अली, सोहेल खान, शिव साहू, नीलकमल साहू, गीतेश साव, राकेश नेताम, सतीश साहू, गौरव ठाकुर उपस्थित थे।

## सेन जयंती पर पोहा, शरबत का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेनजी महाराज की जयंती पर समाज जनों ने सेनजी महाराज की पूजा-अर्चना कर 725वीं जयंती मनाई। साथ ही सेनजी महाराज के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजजनों ने कहा कि सेनजी महाराज गृहस्थ जीवन के साथ-साथ भक्ति के मार्ग पर चलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप जनमानस को शिक्षा के माध्यम से



एकरुकता में पिरोया। सेनजी महाराज का व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि जनसमुदाय उनकी ओर खिंचा चला आता था। सेन जयंती पर सेन चौक आमातालाब के पास समाजजनों ने पोहा, शरबत का वितरण किया। मौके पर मोहित सेन, कमल नारायण सेन, आनंद सेन, टिकेंद्र सेन, यशवंत सेन, छवि सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। संभाग प्रभारी खिलावन श्रीवास, जिलाअध्यक्ष धनसिंह सेन, दौलत सेन, ईश्वर सेन, बसंत कौशिक, जवाहर कौशिक, सेवक सेन, मदन कौशिक, लाला राम, रवि, कौशल सेन, भगवानी राम शांडिल्य ने भी सेनजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

#### आयुक्त ने जिला अस्पताल में रिफरल कमेटी की ली बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# डेटा रिकॉर्डिंग और फॉलो-अप प्रक्रिया को मजबूत करें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में रिफरल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता आयुक्त प्रिया गोयल ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में मरीजों के बेहतर रिफरल सिस्टम को सुनिश्चित करना था, जिससे गंभीर रोगियों को समय पर उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर किया जा सके। आयुक्त प्रिया गोयल ने बैठक में रिफरल प्रक्रिया की समीक्षा की और इसके अंतर्गत आने वाली चुनौतियों और कमियों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिफरल में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी मरीज की जान जोखिम में न पड़े।

नोडल अधिकारी द्वारा अस्पताल में अब तक की गई रिफरल प्रक्रिया की जानकारी दी गई, साथ ही पिछले मामलों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। आयुक्त ने इस दौरान डेटा रिकॉर्डिंग और फॉलो-अप की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने की बात कही।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हर संदिग्ध मामले की समीक्षा कर समय रहते निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद मातृत्व एवं शिशु अस्पताल (100 बिस्तर) व नेत्र चिकित्सालय (40 बिस्तरी) हेतु पूर्व में संचालित आईएलआई भवन का निरीक्षण किया व भवन के समीप जर्जर हालत में मौजूद सरकारी क्वार्टरों का निरीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित लॉन्ड्री कक्ष हेतु उपयोग में आने वाली जमीन का निरीक्षण सीजी एमएससी के अधिकारियों के साथ किया ताकि नए अस्पताल हेतु भूमि का चिन्हांकन कार्य किया जा सके।

बैठक में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, डॉ. एके टोंडर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर, डॉ. एमए नसीम ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. जेएस खालसा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. अखिलेश देवांगन शिशु रोग विशेषज्ञ, गुरुशरण साहू नेत्र सहायक अधिकारी, पार्वती नेताम मैटरन, गिरीश कश्यप अस्पताल सलाहकार उपस्थित थे।

## बाहरी व्यक्तियों की पहचान अनिवार्य करने एसपी को सौंपा आवेदन

**धमतरी।** जिले में लगातार बढ़ रही बाहरी लोगों की आवाजाही और उनकी पहचान न होने की स्थिति को लेकर धमतरी के युवाओं ने चिंता जताई है। इसी कड़ी में युवा समाजसेवी कोमल संभाकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा।



आवेदन में मांग की है कि बाहरी राज्यों से आकर जिले में अस्थायी या स्थायी रूप से निवास करने वाले व्यक्तियों की जानकारी थाने में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए, ताकि अपराध की संभावनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को इस विषय पर जागरूक किया जाए और बिना पुलिस सत्यापन के किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराए पर न रखा जाए।

कोमल संभाकर ने बताया कि कई बार फर्जी पहचान पत्र के सहारे अपराधी बाहरी व्यक्ति स्थानीयता का बहाना बनाकर यहां छिप जाते हैं, जिससे गंभीर अपराधों की नींव पड़ती है। यदि मुसाफिरी पंजीयन की प्रक्रिया सख्ती से लागू की जाए तो जिले की कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकती है। इस अवसर पर धनेश नवरंग, सोनू साहू, रवि संभाकर सहित अन्य युवा साथी भी उपस्थित थे।



# जल ही जीवन है

पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...



## जल का महत्व

पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है।

इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते है और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



सुरेश गोयल
(चार्टेड अकाउंटेंट)
धमतरी



जिसे अब तक ना समझे वो कहानी हूं मैं, मुझे बर्बाद मत करों

## पानी हूं मैं

“ बिना जल होय नहीं, कोई सा भी काम
इसे साफ रखने हेतु उपाएं करें तमाम

अगर मिले नहीं जल तो जीवन है बेकार
इसे बचाने के लिये चलो रहे हम तैयार

सच कहें तो जल बना जीवन की पहचान
व्यर्थ बाहकर न करें अब इसका नुकसान। ”

## जल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता हैं

पानी हम सभी प्राणियों के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता हैं। आज मनुष्य जल को लेकर बहुत लापरवाह हैं मनुष्य को अपने अलावा किसी और की कोई फिक्र नहीं होती हैं। हमने जितनी भी नयी नयी खोजे की हैं, नये नये आविष्कार किये हैं उससे भी कई ज्यादा हमने अपने संसाधनों का बुरी तरह से दुरुपयोग भी किया है और इससे केवल हमारी ही हानि नहीं हुई है बल्कि जितने भी जीव जंतु इस पृथ्वी पर निवास कर रहे हैं। सभी के अस्तित्व को हमने अपने लोभ के लिये विलुप्तिकरण की ओर पहुंचा दिया हैं। अभी वक्त है जल को बचाया जाये जिससे जल की समस्या का समाधान हो सके।



मदन नेवारे
(पार्षद)
टिकरापारा वार्ड न.नि. धमतरी

## खुशहाली के लिए जल का संचय जरूरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योंकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



दिलावर रोकड़िया
(समाजसेवी)
धमतरी

## जल है तो कल है...

पानी आम जन-जीवन की सबसे जरूरतमंद चीज है, आज जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



कविन्द्र जैन
(जिला उपाध्यक्ष)
भाजपा धमतरी

## जल का संचय करें

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



देशांत लोढ़ा जैन
(युवा नेता)
भाजपा धमतरी

## जल का व्यर्थ उपयोग करने पर रोकथाम जरूरी

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है। वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है। सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियों में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है।



योगेश शर्मा
(ब्लाक अध्यक्ष)
शहर कांग्रेस धमतरी

## पानी का दुरूपयोग न करें...

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखार्दय देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाल समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे, नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए।



दिलीप राठौड़
(प्रो. राठौर पैथालाजी सेंटर)
धमतरी

## जल की उपयोगिता को समझे...

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है, वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है, सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियों में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है। अतः गलियों में फ्रीकास्ट सीमेंट ब्लॉक से इंटरलॉकिंग कर बरसाती पानी को जमीन में रिसने का अवसर प्रदान करें, पुराने तालाबों को साफ करने से भी भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है।



डॉ. अभिषेक गोयल दंतरोग विशेषज्ञ
(डायरेक्टर)
श्री गोपाला हॉस्पिटल, धमतरी

## पानी के व्यर्थ उपयोग पर रोकथाम

पानी आम जनजीवन की सबसे जरूरतमंद चजी है, आम जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, पानी क बिना मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



डॉ. सी.एल. साहू बालरोग विशेषज्ञ
(डायरेक्टर)
श्री गोपाला हॉस्पिटल, धमतरी

## पानी संचय के लिए जागरूकता जरूरी

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरुपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अतः इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें।



होमेश्वर साहू
(सरपंच)
ग्राम पंचायत मुजगहन

संकलनकर्ता : उमेश सिंह वशिष्ट हरिभूमि ब्यूरोचीफ धमतरी 98261-14710 / रवि सिंह राजपूत विज्ञापन प्रभारी धमतरी 83058-71196

**खबर संक्षेप**

## बेरोजगार युवा सीखेंगे कम्प्यूटर, इंटरनेट और टैली

**धमतरी।** स्वरोजगार करने के इच्छुक बेरोजगार युवा कम्प्यूटर, इंटरनेट और टैली सीखेंगे। इसके लिए उन्हें असिस्टेंट बुककीपर (टैली) की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में 30 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। 38 दिनों तक चलने वाले इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक सुश्री अनीता टुडू ने बताया कि ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा एम.एस.ऑफिस, एम.एस.एक्सल, पावर पाइंट प्रजेंटेशन आदि में हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को इंटरनेट एवं टैली के साथ ही ऑनलाइन वर्क, डाटा एंट्री वर्क और व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा उद्यमिता संबंधी जानकारी और बैंक से लोन सुविधा की भी युवाओं को दी जाएगी।

मौजूदा प्याऊ सेंटर आबादी की तुलना में पर्याप्त नहीं

# शहर में प्याऊ सेंटर की मांग और बढ़ी

**नागरिकों ने समाजसेवी संस्थान, जिला, निगम प्रशासन से किया आग्रह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अप्रैल माह लगते ही शहर का तापमान 43-44 डिग्री सेल्सियस हो गया है। मई-जून में तापमान के और बढ़ने की संभावना है।

तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप में यात्रियों को सिर्फ पानी ही दिखाई देता है कि कहीं छांव में बैठकर दो घूंट पानी से गला तर हो जाए। वैसे तो जिला, निगम प्रशासन, समाजसेवी संस्थानों द्वारा शहर के चौक-चौराहों में दर्जनों प्याऊ सेंटर वाटर, कूलर, एटीएम की व्यवस्था की गई है लेकिन शहर की डेढ़ लाख की आबादी के अनुपात में मौजूदा प्याऊ सेंटर पर्याप्त नहीं है। लोगों ने इसे बढ़ाने का आग्रह किया हैं। चूंकि शादी का सीजन है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए शहर पहुंचते हैं जिन्हें पीने का साफ और ठंडा पानी की आवश्यकता होती है।




**बस स्टैंड में खुला मठा वितरण केन्द्र**

बस स्टैंड धमतरी में व्यापारी संघ एवं बस ऑनर्स की ओर से ठंडा मठा, छांछ वितरण केन्द्र खोला गया है, जहां यात्रियों को पूरी तरह निःशुल्क ठंडा मठा दिया जा रहा है। बस स्टैंड के बस संचालक एवं व्यापारी महावीर प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मण पहलवान, गोविंद साहू, संतोष तिवारी, गोवर्धन सोनी, गुड्डू पान सेंटर, रामसाय सिन्हा, पप्पू शर्मा, दिलीप तनेजा, भास्कर देवांगन ने बताया कि मठा वितरण केन्द्र में प्रतिदिन 35 किलो दही से छांछ मठा बनाकर लोगों को पिलाया जा रहा है। रोज 500 से अधिक लोग लाभ ले रहे हैं। मठा वितरण सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होता है। यह कार्यक्रम जनसहयोग से चलाया जा रहा है।

शहर के डिलीवरी ब्वायज रितेश खत्री, नरेश क्षत्रिय, अमित झा ने बताया कि ग्राहकों को सामान घरों तक पहुंचाने में पूरे 12-14 घंटे शहर और आसपास इलाकों में सफर करते हैं। तेज धूप और गर्मी में उन्हें पानी की भरपूर जरूरत होती है। अपने साथ भोजन और पानी लेकर चलते हैं लेकिन गर्मी के कारण बॉटल का पानी जल्द खत्म हो जाता है। ऐसे में पानी की तलाश में होटल या डेलीनीड्स से 20 रूपये में पानी खरीदते हैं। वाटर कूलर या प्याऊ सेंटर दिखने पर पानी भी पीते हैं और बॉटल में भी भरते हैं। क्षेत्रफल के हिसाब से प्याऊ सेंटर और खोलने की जरूरत है।

ई-रिक्शा चालक, विनोद गंगबेर, नीरज मंडावी, सागर सेन, आनंद मजूमदार, ग्रामीण सवारी कुंजलाल साहू, विनोद साहू का कहना है कि शहर में प्याऊ सेंटर की कमी है। मजबूरन में पानी खरीदकर पीते हैं। प्याऊ सेंटर, वाटर कूलर, नजर नहीं आता इसलिए चौक-चौराहों में प्याऊ सेंटर खोला जाए।

# परिक्षेत्र इकाई ने मनाई सेन जी महाराज की जयंती



■ संत नंदा के आदर्शों को आत्मसात करें समाज : धनसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

सर्व सेन समाज जिला धमतरी के निर्देश पर कुरूद और भखारा परिक्षेत्रीय इकाई द्वारा संत शिरोमणि नन्दा सेनजी महाराज की 725 वीं जयंती मनाई गई। शुक्रवार को सिन्हा समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन थे। इस अवसर पर धनसिंह ने कहा कि जयंती मनाने की सार्थकता तभी होगी जब हम सब अपने ईष्ट गुरु के आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए हुए मार्ंगो पर चलकर समाज के विकास में अपनी सहभागिता दें। उन्होंने सामाजिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु विधायक और नगर पंचायत अध्यक्ष से चर्चा कर पहल करने आश्वस्त किया।

शिक्षक प्रकाश सेन ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों से समाज की एकता और सक्रियता दिखती है। सिन्हा समाज के मंडलेश्वर हिरेश सिन्हा ने कहा कि कोई भी समाज संख्या से नहीं बल्कि कर्म से बड़ा और छोटा होता है।

मौके पर शेखन सेन, भूखन सेन, ढालेंन्द्र सेन, भगवानी राम सेन, तिलकराम सेन, होरीलाल सेन, तेजेंद्र सेन, नीरज सेन, धनंजय सेन, गणेश सेन, प्रशांत सेन, टीकू सेन, पवन सेन, हेमलता सेन, किरण सेन, मंजु सेन, कमलेश्वरी सेन, माया सेन, खेमलता सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

आतंकवादियों को पनाह देने के लिए पड़ोसी देश के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# चेम्बर ऑफ कामर्स ने निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स ने शहर में आक्रोश रैली निकाली। व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आम जनता ने हाथों में विरोध स्वरूप तख्तियां लेकर नाराबाजी करते हुए एसडीएम दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार की शाम घड़ी चौक से चेम्बर ऑफ कामर्स के बैनरतले पहलगाम से नरसंहार के विरोध में आक्रोश रैली निकाली गई। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे लोगों ने पड़ोसी देश के खिलाफ आतंकवादियों को पनाह देने और उनका समर्थन करने के लिए जमकर नारेबाजी की।




इस दौरान महापौर रामू रोहरा, निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, सर्व हिन्दू समाज अध्यक्ष दीपक लखोटिया, महेश जसूजा, गोपाल शर्मा, विजय गोलछा, नंदू जसवानी, विशेष लखोटिया, नंदू जसवानी, निर्मल बरड़िया, मितेश जैन, राजा रोहरा, राजेन्द्र लुंकड़, विनोद खंडेलवाल, रमेश दीवानी, प्रमोद पांडेय, सुरेश महावर, रवि मुंजवानी, सुनील अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अनिल दुग्गड़, धनराज लुनिया, अभय थिटे, दयाराम अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, आलोक पांडेय, जगजीवन सिंह शामिल रहे।

# मां अंगारमोती ट्रस्ट के जीवराखन अध्यक्ष व ढालूराम सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल का सामान्य सभा की बैठक में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के आदेश के तहत 27 सदस्यों का अनुमोदन किया गया।

हेमलाल ठाकुर, शिवचरण नेताम, कोमल सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिंह ठाकुर, सरजूराम ठाकुर, देवानन्द नेताम, मनराखन ठाकुर, ईश्वर सिंह नेताम, ओंकार नेताम, जीवराखन लाल मरई, ढालूराम ध्रुव, उदय नेताम, डा.एआर ठाकुर, गणेश्वर ध्रुव, माधवसिंह ठाकुर, जयपाल ठाकुर, ललित ठाकुर, छेदप्रसाद कौशिल, नारायण सिंह ध्रुव, ठाकुर राम नेताम, समारुराम नेताम, नंदा ध्रुव, शशि ध्रुव, भगत राम उईके, शत्रुघन नेताम, रामजी ध्रुव, बलीराम ध्रुव की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन व मनोनयन किया गया। सर्वसम्मति से जीवराखन मरई अध्यक्ष, माधव ठाकुर उपाध्यक्ष, ढालूराम ध्रुव सचिव, देवानंद नेताम सहसचिव, ओंकार नेताम कोषाध्यक्ष, डा.एआर ठाकुर एवं शिवचरण नेताम संरक्षक बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन गणेश्वर ध्रुव ने किया।



# सेवानिवृत्ति पर तीन प्रधानपाठकों को दी विदाई



**धमतरी।** संकुल देमार और तरसीवा के संयुक्त तत्वावधान में तीन प्रधानपाठक उमेंद सिंग साहू, जितेंद्र जॉर्ज, ओमप्रकाश सिन्हा को उनकी सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुई। संकुल देमार और तरसींवा से आए नए शिक्षकों का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर हॉयर सेकंडरी देमार के प्रिंसिपल देवनाथ साहू ने तीनों प्रधानपाठक के उज्वल भविष्य की कामना की। संकुल समन्वयक ज्ञानेश सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने सीनियर शिक्षकों के मार्ग पर चलते हुए कार्य करना है और समन्वय बनाना है। शिक्षक अपने कार्य को समय पर और ईमानदारी से करें।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# डॉ. अंबेडकर सामाजिक न्याय और अधिकारों के प्रतीक हैं : इंदर



■ कंडेल एवं नवागांव में भाजपा के गांव चलो, घर चलो अभियान में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा के गांव चलो घर चलो अभियान के तहत ग्राम कंडेल एवं नवागांव में भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। श्री चोपड़ा ने कहा कि कि डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रतीक भी हैं। उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता, भाईचारा और सामाजिक एकता के विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। श्री चोपड़ा ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को अपना अस्त्र बनाएं और डॉ. अंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लें।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि और हर घर जल योजना प्रमुख हैं। इस अवसर पर गिरधर साहू, दिग्विजय सिंह, युवराज मरकाम, गिरीश साहू, देवेश साहू, द्वारिका साहू, तिलक साहू, देवनारायण टांडे, प्रहलाद मार्कण्डेय, प्रेमलाल डहरिया, इशु डहरिया, पीलू डहरिया, मेहतर महर, प्रभुराम, पुराण साहू, नरेश साहू, माखन साहू उपस्थित थे।

# मन के एकाग्र नहीं होने से मनुष्य स्वयं दुख से घिरा हुआ है

■ कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन भक्तों ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य का ऑनलाइन प्रवचन सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



हनुमान मंदिर परिसर रुद्री में आयोजित तीन दिवसीय श्री कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस भक्तों को जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज ने ऑनलाइन प्रवचन दिया। उन्होंने नाम भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि आज मनुष्य के अंतरमन और बहिरमन एकाग्र नहीं होने की वजह से मनुष्य स्वयं को दुख से घिरा हुआ पाता है।मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य के मन को भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसे ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। इसलिए अंतरमन और बहिरमन को एकाग्र करना बहुत आवश्यक है और यह दोनों मन भक्ति से एक होती है जिसकी वजह से मनुष्य की निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है, सही गलत की समझ बढ़ती है, मन की चंचलता दूर होती है। कथा व्यास से कृष्णदास महाराज ने लीलामृत ग्रंथ से नामदान के महत्व को उपदेशित किया कि सदगुरु शब्द महत्त्वपूर्ण है। इसका अर्थ शिक्षक नहीं होता, न अध्यापक, न व्याख्याता। दुनिया की किसी भी भाषा में इस शब्द को रूपांतरित करने का उपाय नहीं है। दुनिया की भाषा में इसके समतुल्य कोई शब्द नहीं है।



गुरु बनता है दो शब्दों से गु और रु। गु का अर्थ होता है अंधकार। रु का अर्थ होता है अंधकार को दूर करने वाला। गुरु का अर्थ है जिसके अंतस का दीया जल गया है जिसके भीतर रोशनी हो गई है सूरज हो गया है। प्रवचन पश्चात संध्या रासलीला हुई। हजारों भक्तों ने प्रसादी का लाभ लिया।

कथा सुनने दीपक लखोटिया, गोपाल शर्मा, श्रीमती अनीता यादव श्रीमती लक्ष्मी तरुण बयां, शुभम साहू, जागेंद्र साहू, श्रीमती रमा साहू, भावना घोरपड़े, श्रीमती भारती होलकर, श्रीमती शीला दासरवार, राजश्री रणसिंह, डॉ शांतनु सोनी, सौरभ सोनी, वेदप्रकाश सोनी, सचिन तोड़कर, मोहनीश पद्मवार, ज्ञानेश्वर साहू, सुषमा साहू, रोहित दासरवार, युगल सिन्हा समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## जोरातराई में अंगना म शिक्षा का हुआ आयोजन

**अंवरी।** ग्राम पंचायत जोरातराई की प्राथमिक शाला में अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का आयोजन हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों की माताओं एवं एसएमसी सदस्यों ने भाग लिया। 1 से 9 तक काउंटर लगाकर शिक्षा का महत्व बताया गया। विभिन्न प्रकार की गतिविधियां माता एवं बच्चों द्वारा की गई। मौके पर पूर्णिमा रामस्वरुप साहू सरपंच जोरातराई, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, मानसिंह साहू, चंपा साहू, कृष्णा साहू, नीलम निर्मलकर, धानबाई साहू, रेखा निषाद, योगेश्वरी टांडिया, रूपकुमारी साहू, प्रधानपाठक बीपी साहू, सोनकर, महेंद्र साहू, पुष्पा ठाकुर उपस्थित थे।

## विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी वाला बजट

**धमतरी।** शुक्रवार को महापौर जगदीश रामू रोहरा ने निगम की सामान्य सभा में अपना पहला बजट पेश कर पारित कराया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि निगम में भाजपा की सरकार है। प्रदेश और देश में भी भाजपा को जनता ने सेवा का मौका दिया है। निगम के पहले ही बजट में भाजपा ने नगर विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। नगर हित की ज्यादातर जरूरी मांगों को बजट में स्थान मिला है। 564 करोड़ के बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ है। जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जितने भी वादे किए थे लगभग सभी कार्य इस बजट में शामिल कर लिए गए हैं। नगर की जनता को आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि धमतरी को नित नए विकास की सौगात मिलेगी। श्री जैन ने बजट को विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी बताया है।





तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Requirement
Gyan Amrit English High School Dhamtari

| S.No. | Post | Subject | Post | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Assistant Teacher | All Subject | 01 | 12th / Graduate / Post graduate/ D.ed / B.ed / D.el.ed / Diploma in Computer |
| 2. | Lecturer | Science | 01 | Post graduate / B.ed |
| 3. | Lecturer | Maths | 01 | Post graduate / B.ed |
| 4. | Lecturer | Sanskrit | 01 | Post graduate / B.ed |
| 5. | Lecturer | English | 01 | Post graduate / B.ed |
| 6. | Clerk | Computer Operator | 01 | 12th / Graduate / Post graduate / P.G.D.C.A |

Note : Interested Candidate should apply with written application including Bio-data and Xerox copy of all mark sheets and experience certificate before at school Office.
Principle
Gyan Amrit English High School
Bramhanpara, Dhamtari
Contact : 8770402801, 6266125527
English Medium Admission Open
Class Nursery To 10th

आवश्यकता है
ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी में निम्नांकित पदों के लिए शिक्षकों की आवश्यकता है

| क्र. | पद | विषय | संख्या पद | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक शिक्षक | सभी विषय | 03 | स्नातक/डी.एड /बी.एड/डी.एल.एड |
| 2 | व्याख्याता | गणित | 01 | स्नातकोत्तर/बी.एड |
| 3 | आया | - | 02 | आठवीं |

प्राचार्य
ज्ञान अमृत विद्यालय
ब्राह्मणपारा, धमतरी
मो. : 8770402801, 6266125527
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा नर्सरी से कक्षा 9वीं तक (हिन्दी माध्यम)
नोट : इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा सहित लिखित आवेदन एवं सभी अंकसूची की फोटोकॉपी और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में आवेदन जमा करें।